गोपनीय

राजीव कुमार
प्रमुख सचिव

64/अर्द0शा0प0सं0-22(4)2014टी0सी0/का-1-2014
उत्तर प्रदेश शासन
कार्मिक अनुभाग-1
लखनऊ :: दिनांक 30 जून,2014

प्रिय महोदय,

चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत प्रान्तीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा संवर्ग में निदेशक के पद पर चयन वर्ष 2013-14 में अनुपूरक चयन हेतु मुख्य सचिव की अध्यक्षता में दिनांक 27.06.2014 को विभागीय चयन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। चयन समिति द्वारा निम्नलिखित अधिकारियों को निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के पद पर पदोन्नति प्रदान किये जाने की संस्तुति की गयी है:-

1. **डा0 योगेन्द्र कुमार शर्मा**
2. **डा0 सुरेश चन्द्र यादव**
3. **डा0 रेखा कटारा**
4. **डा0 मधुर सिन्हा**
5. **डा0 सुषमा योगेश तिवारी**
6. **डा0 आशा पाण्डेय**
7. **डा0 सुशीला पन्त**

2. उपरोक्त प्रस्तर-1 में संस्तुत अधिकारियों में से क्रमांक-3 पर अवस्थित अधिकारी डा0 रेखा कटारा दिनांक 30 जून, 2014 को सेवानिवृत्त हो रही हैं। अत: प्राप्त हो रही इस 01 परिणामी रिक्ति के सापेक्ष पात्रता सूची के क्रमांक-23 पर अवस्थित अधिकारी डा0 सिद्धार्थ को भी निदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के पद पर पदोन्नति प्रदान किये जाने की चयन समिति द्वारा संस्तुति की गयी है।

3. चयन समिति द्वारा निदेशक के पद पर चयन हेतु दिनांक 27.03.2014 को संपन्न मूल चयन में पदोन्नति के लिए संस्तुत अधिकारियों में से जिन 06 अधिकारियों के निदेशक के पद पर पदोन्नति आदेश निर्गत किये जा चुके हैं, को बनाये रखते हुए निदेशक के पद पर पदोन्नति हेतु संस्तुत शेष अधिकारियों की संस्तुति को निरस्त करने की भी संस्तुति की गयी है।

4. चयन समिति द्वारा यह और भी संस्तुति की गयी है कि उपरोक्त संस्तुतियों के आधार पर पदोन्नति प्रदान करते हुए नियुक्त किये जाने के आदेश परिणामी रिक्तियों के वास्तविक रूप में उपलब्ध होने पर ही जारी किये जायेंगे।

5. चयन समिति की उपर्युक्त संस्तुतियों पर मा0 मुख्यमंत्री जी का अनुमोदन प्राप्त हो गया है।

6. अत: मुझे आपसे अनुरोध करने की अपेक्षा की गयी है कि कृपया चयन समिति की उपर्युक्त संस्तुतियों के अनुसार यथावश्यक अग्रतर कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,
ह0/-
(राजीव कुमार)

श्री अरविन्द कुमार,
प्रमुख सचिव,
चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

http://shasanadesh.up.nic.in